UTTAR PRADESH POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट, आगरा परिक्षेत्र, आगरा दिनांक 02.08.2021

पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र आगरा **श्री नवीन अरोरा** द्वारा एक और नई परंपरा की शुरूआत करते हुए पुलिस कर्मियों की कार्य कुशलता को बढावा देने, उनको प्रोत्साहित करने, उनका मनोबल बढ़ाये जाने हेतु परिक्षेत्रीय कार्यालय में एक मुहिम प्रचलित है, जिसमें कार्मिकों के कार्य कुशलता का आंकलन/समीक्षा करने के उपरान्त उनको माह का सर्वश्रेष्ठ कार्मिक घोषित कर उनको प्रशस्ति पत्र निर्गत कर सम्मानित किया जाता है।

परिक्षेत्रीय कार्यालय के साइबर क्राइम यूनिट में नियुक्त ए0एस0आई0 विशाल शर्मा द्वारा साइबर अपराधों से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, अनावरण एवं पीड़ितों की धनराशि वापस दिलाये जाने, प्रशिक्षण के साथ ही कार्यालय की अन्य शाखाओं के प्रेजेण्टेशन एवं तैयारियों में निःस्वार्थ भाव से अतिरिक्त कार्य समय में भी कर्तव्य निर्वहन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा विगत माह के कार्यों का आंकलन एवं समीक्षा करने के उपरान्त ए0एस0आई0 विशाल शर्मा को जुलाई, 2021 माह का सर्वश्रेष्ठ कार्मिक नामित कर सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र दिया गया।

उक्त मुहिम के कम में परिक्षेत्र के जनपदों से सम्बन्धित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपने–अपने जनपदों में माहवार अपने अधीनस्थों की कार्यकुशलता का आंकलन/समीक्षा कर उन्हे सर्वश्रेष्ठ कार्मिक नामित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही यह प्रकिया प्रत्येक माह दोहरायी जायेगी।

सोशल मीडिया सेल
परिक्षेत्रीय कार्यालय आगरा।